# सक्सेस मिरर

वर्ष : 11
अंक : 123
अप्रैल : 2020

**सफलता का कैप्सूल**

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


**7** | मिशन सफल हो !

**9** | समसामयिकी घटना संग्रह

**10** | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

### 19 | आर्थिक घटना संग्रह

- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य का बजट पेश किया
- उत्तर प्रदेश में वर्ष 2020-21 का सबसे बड़ा बजट पेश
- अमरीका ने भारत को व्यापार लाभ देशों की निर्यात सूची से हटाया

### 23 | राष्ट्रीय घटना संग्रह



- अरविंद केजरीवाल लगातार तीसरी बार बने दिल्ली के मुख्यमंत्री
- भारत में एक अप्रैल से इस्तेमाल होगा दुनिया का सबसे साफ पेट्रोल-डीजल
- पाँच आईआईआईटी संस्थानों को मिलेगा राष्ट्रीय महत्व का दर्जा

### 26 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह

- ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो की भारत यात्रा
- कोरोना वायरस के चलते विश्व मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस रद्द
- अशरफ गनी ने जीता अफगानिस्तान का राष्ट्रपति चुनाव
- सबसे ऊँचे स्थान पर फैशन शो का रिकॉर्ड

### 30 | खेल खिलाड़ी

- भारत को मिली 2022 के AFC महिला एशियाई कप की मेजबानी
- पाँच भारतीय शहरों में होगा फीफा अंडर–17 महिला फुटबाल विश्व कप, 2020
- रॉस टेलर सभी फार्मेट में 100 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर
- भारत ने न्यूजीलैण्ड से टी–20 सीरिज–2020 5-0 से जीती
- भारतीय क्रिकेट टीम का न्यूजीलैण्ड दौरा, 2020

**34** विज्ञान समाचार

**35** समसामयिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**37** महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह


## लेख


**40** | **ऐतिहासिक लेख**—आर्यों का विस्तार

**41** | **समसामयिक लेख**—कोरोना (Corona) वायरस :एक महामारी

**42** | **सामयिक लेख**—बढ़ती वनाग्नि की घटनाएं : वैश्विक समाज के समक्ष बड़ी चिंता

**43** | **कृषि लेख**—पाले से कैसे करें फसलों की सुरक्षा

**44** | **विधि लेख**—दया याचिकाओं पर उठते सवाल

**45** | **सैन्य लेख**—युद्ध में गेम चेंजर साबित हो सकती है ब्रह्मोस मिसाइल

**79** | **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**

**80** | **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-120 का परिणाम**

**82** | **रोजगार समाचार**


## हल प्रश्न-पत्र


**47** | छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 (प्रथम प्रश्न-पत्र)

**57** | एस.एस.सी. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय (प्रथम चरण) परीक्षा, 2018

**66** | बिहार पुलिस, बिहार सैन्य पुलिस सिपाही (चालक) परीक्षा, 2019

**71** | आर.पी.एफ./आर.पी.एस.एफ. कॉंस्टेबिल भर्ती परीक्षा, 2018




सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



- **सम्पादक** : महेन्द्र जैन
- **रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
- **सम्पादकीय ऑफिस**
  1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
  आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
  फोन–2531101, 2530966
  ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
  कस्टमर केयर: care@pdgroup.in
- **दिल्ली ऑफिस**
  4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
  नई दिल्ली–110 002
  फोन– 011-23251844, 43259035
- **पटना ऑफिस**
  पारस भवन (प्रथम तल),
  खजांची रोड,
  पटना– 800 004
  फोन– 0612-2303340
  मो– 09334137572
- **हैदराबाद ऑफिस**
  16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
  आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
  (आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
  (तेलंगाना) फोन– 040-24557283
- **लखनऊ ऑफिस**
  B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर
  टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
  लखनऊ– 226 004
  फोन– 0522-4109080
  मो– 09760181118
- **कोलकाता ऑफिस**
  H-3, ब्लॉक-B, म्यूनिसिपल प्रीमिसेस No. 15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर,
  कोलकाता– 700 003 (W.B.)
  फोन– 033-25551510
- **हल्द्वानी ऑफिस**
  8-310/1, ए. के. हाउस
  हीरानगर, हल्द्वानी,
  जिला–नैनीताल– 263 139
  (उत्तराखण्ड)
  मो– 07060421008
- **इन्दौर**
  30-31, जिन्सी हाट मैदान,
  बाबा रामदेव मंदिर के निकट
  मलहारगंज
  इन्दौर– 452 002 (म.प्र.)
  फोन– 9203908088
- **नागपुर ऑफिस**
  1461, जूनी शुक्रवारी,
  सक्करदरा रोड, हनुमान
  मन्दिर के सामने,
  नागपुर–440 009 (महाराष्ट्र)
  मो– 09370877776

# मिशन सफल हो!



—साध्वी वैभवश्री 'विराट'

*There are three kinds of people in this world : people who make it happen, people who watch what happens and people who wonder what happened.*

***—Tommy Lasorda***

जब-जब कोई इंसान साहस करके अपनी सीमाओं से परे जाकर काम करता है और उसके संकल्प शुभ होते हैं, तो पूरी कायनात उसको किसी-न-किसी रूप में मदद करती है. हाँ, पग-पग पर बाधाएं भी जरूर आती हैं, परीक्षाएं भी होती हैं, धैर्य की, आत्मविश्वास की, लोकमंगल भावना की. इन परीक्षाओं के होते हुए कई साधक बीच में ही अटक कर रह जाते हैं, कई लोग अपने मिशन से लौट जाते हैं, उनको लगता है कि यह पथ बहुत कठिन है. कोई सहयोग नहीं मिल रहा है. अच्छा यही है कि मैं एक बिना किसी मिशन का एक साधारण गुमनाम व्यक्ति बनकर के अपनी जिन्दगी के इन पलों को बिता दूँ और अपने आपको खत्म कर दूँ. कई लोग निराशा के गर्त में चले जाते हैं. कई लोग जनसहयोग या उचित सहयोग नहीं मिल पाने के कारण से निराश-हताश (Dipressed) हो करके अपने आपको बीमार तक कर डालते हैं, लेकिन कुछ जन होते हैं जो अपने मिशन को पूरा करने के लिए दिन-रात जुटे रहते हैं, उन्हें सहयोग थोड़ा भी मिलता है, तो उस थोड़े सहयोग का भी अत्यन्त आदर करते हैं और उस सहयोग से भी अपने मिशन को सफल करने के लिए अधिकतम उसका उपयोग करते हैं और सतत् अपने इष्ट के लिए, अपने मिशन के लिए समर्पित होकर के अपने आपको प्रेरित करते चले जाते हैं, अपना धैर्य बढ़ाते हैं, आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और अपने दम पर एक ऐसी नई रचना कर डालते हैं जिससे आने वाली पीढ़ियों को मार्ग मिले, सुकून मिले, ज्ञान मिले, सहयोग मिले, आसरा मिले, ऐसे लोग ही 'महापुरुष' कहलाते हैं, जिन्होंने अपने भीतर की महानतम योग्यताओं को प्रकाशित कठिनतम परिस्थितियों में भी कर डाला. वे लोग महापुरुष हो गए. अब ऐसी महापुरुषों की श्रृंखला किसी भी युग में न कभी घटी है, न घटेगी. हर युग में ऐसे महापुरुष होते ही रहे हैं, हम देखते हैं कि स्वतन्त्रता संग्राम के समय में ऐसे कितने महापुरुष हुए, जिन्होंने अपने कठिनतम हालातों में भी धैर्य, विश्वास और प्राप्त सहयोग से एक ऐसी रचना कर डाली कि बहुत सारे लोगों को आज सुकून की साँस उनकी वजह से उनकी कुर्बानियों की वजह से मिल पा रही है. दक्षिण अफ्रीका में देखें नेल्सन मंडेला हुए, भारत में अनेक ऐसे महापुरुष हुए, जिसमें महात्मा गांधी का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है और भी ऐसे अनेकानेक व्यक्ति हैं जिनके नाम भी शायद प्रसिद्ध न हुए हों या किसी ने पहचान भी न दी हो, लेकिन उन्होंने अपने भावों से इस दुनिया में एक सुन्दर रचना कर डाली, तो महत्वपूर्ण बात यह है कि आप जिस मिशन के लिए चल पड़े हों, उसमें तो साहस चाहिएगा ही, धैर्य भी, विश्वास भी और कठिनतम हालातों में आपका विश्वास डगमगाए नहीं, इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप अपने आपको सतत् प्रेरित करते रहो, अपने लक्ष्य को अपनी आँखों में बसाकर के जियो और ये बात याद रखो कि बीती वो बात छोड़ें, सपनों का साथ छोड़ें. विराट गुरुजी का यह वचन है कि 'बीती वो बात छोड़े, सपनों का साथ छोड़े. हर पल अद्भुत अनोखा इसमें आनन्द जोड़ें, दुविधा की घनचक्करी पर, करके बेलेंस खुद को दुनिया में अपने दम पर आज अनोखा चोखा जादू दिखावे, मस्ती मनावे-2 ॥